सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **281**
21/03/2026

पूर्व विधायक स्व0 सतीश कुमार जी के श्राद्धकर्म में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 21 मार्च 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज पी0सी0 कॉलोनी, कंकड़बाग स्थित आवास पर जाकर पूर्व विधायक स्व0 सतीश कुमार जी के श्राद्धकर्म में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व0 सतीश कुमार जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने स्व0 सतीश कुमार जी के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना भी दी।

इस अवसर पर जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद श्री संजय कुमार झा, जदयू प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******